स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 218 | SATURDAY 15-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



OMAXE
Turning dreams into reality

RERA Reg. No.: PBRERA-LDH45-PC0396
RERA Website: www.rera.punjab.gov.in

## OMAXE CHOWK

A Luxurious Heritage Bazaar

FIRST TIME EVER
ON DOUBLE HEIGHT SHOPS

DOUBLE HEIGHT SHOPS
LGF 20-FOOT FLOOR HEIGHT
DEDICATED INVENTORY

Get 15%* P.A. LOYALTY CHARGES
(Till Offer of Fit Out & Attractive Lease Rental Afterwards)

OFFER VALID TILL 31ST AUG

ONCE-IN-A-LIFETIME-OPPORTUNITY




INVESTMENT STARTS FROM
₹64 LAKH*

PAY ₹40 LAKH* NOW &
GET ₹50,000/-* PER MONTH
(TILL OFFER OF FIT OUT)

*TERMS & CONDITIONS APPLY

DOUBLE HEIGHT ICONIC STOREFRONTS
HIGHER VISIBILTY MORE FOOTFALL
STRONGER RETURNS SECURED FUTURE
PREMIUM LOCATION LUDHIANA'S LANDMARK

Omaxe Chowk Sales Gallery,
Fountain Chowk, Ludhiana - 01

IN THE HEART OF LUDHIANA

Project Name: Omaxe Chowk
Project Promoted by: M/s. Ludhiana Wholesale Market Private Limited (A subsidiary of Omaxe Ltd.) | CIN: U70109DL2022PTC402753
Promoter Address: 7 LSC Kalkaji, South Delhi, Delhi - 110019 | Site Address: Block 19 between Ghumar Mandi (Rani jhansi Road) and College Road, Near Fountain Chowk, Civil Line, Ludhiana, Punjab - 141001

9999 999 283

SCAN FOR WALKTHROUGH

The sale/lease of the unit shall be in consonance of the terms mentioned in the lease agreement signed by the Company with Rail Land Development Authority.
Disclaimer: This Advertisement is indicative in nature & does not constitute as an offer or invitation for the purpose of Registration/Booking/Sale. Visual representations shown in this advertisement are not a legal offering etc. The viewer/prospective buyer may seek all such information, sanction plans, approvals, specifications, facilities & amenities, from the company in respect of the project that he/she may be interested in, before any such booking/registration, etc. Further details of the project(s) are available at the company/site/marketing office(s) and/or company website: www.omaxe.com and on the website of RERA, Punjab: www.rera.punjab.gov.in and/or at their office.

।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलखि कहेउ मुनिनाथ। हानि लाभु जीवनु मरनु, जसु अपजसु बिधि हाथ ।।



With profound grief and deep sense of loss, we inform the demise of our beloved and respected

# Smt. Sita Devi

Wife of Late Sh. Ved Parkash Gupta
who peacefully departed for her heavenly abode on **3rd August 2026.**

Her warmth, affection, wisdom and blessings touched the lives of everyone who knew her. She will always remain in our hearts and memories, and her presence will be deeply missed by the entire family.

**RASAM PAGRI** will be held on **SUNDAY, 16TH AUGUST 2026,** from **1.30 P.M.** to **3.00 P.M.**
at **ISKCON JAGANNATH MANDIR, CANAL ROAD, LUDHIANA**

**GRIEF STRICKEN**

Son & Daughter in Law
**Late Sh. Ranvir Kumar & Kiran Gupta**
**Late Sh. Sultani Ram & Shashi Goel**
**Sh. Bhushan Goyal & Sumita Goyal**
**Sh. Subash Gupta & Rekha Gupta**

Daughter & Son in Law
**Urmilla & Late Sh. Rajpal Bansal**
**Sushma & Sh. Vijay Modi**

Great Grand Children
**Kaka Ram Babu Ram Aggarwal**

Grandson & Grand Daughter in Law
**Pankaj & Isha Aggarwal**
**Dhruv & Neha Gupta**
**Rajat & Swati Goyal**
**Manu & Piyanka Gupta**
**Raghav & Rhythm Goel**
**Lalit Goyal**

Grand Daughter & Grandson in Law
**Shaveta & Puneet Aggarwal**
**Shruti & Balwinder Gupta**
**Charu & Puneet Gupta**
**Nidhi & Ritesh Gupta**
**Bhavika & Nikhil Goyal**
**Aditi & Pankush Mittal**

**WELLCHAM SPECIALITY PVT. LTD. (MUMBAI) | STANDARD JEWELLERS | OM PROCESSORS PVT. LTD.**
**SRV STEELS PVT. LTD. | SUNSHINE DYE CHEM (PANIPAT) | THE GRAND PEARL (RED MANGO)**
**M: 98763-20448, 90049-50501, 98761-03235, 98158-44800**

## HOMAGE



Our beloved and respected

### Smt. Sita Devi

**Mother of Sh. Subhash Gupta**
who peacefully departed for her heavenly abode

May the Almighty give strength and courage to the bereaved family during this difficult time.
May her soul Rest in Peace.

**GRIEF STRICKEN**

**CORE COMMITTEE**
**NEW HIGH SCHOOL ALUMNI ASSOCIATION (REGD)**

## HOMAGE



Our beloved and respected

### Smt. Sita Devi

**Mother of Sh. Subhash Gupta**
who peacefully departed for her heavenly abode

May the Almighty give strength and courage to the bereaved family during this difficult time.
May her soul Rest in Peace.

**GRIEF STRICKEN**

oner | **SUDERSHAN JAIN**
**ASHOK JAIN**

## HOMAGE



Our beloved and respected

### Smt. Sita Devi

**Mother of Sh. Subhash Gupta**
who peacefully departed for her heavenly abode

May the Almighty give strength and courage to the bereaved family during this difficult time.
May her soul Rest in Peace.

**GRIEF STRICKEN**

| | |
|---|---|
| Sh. Pardeep Kumar Mittal | President |
| Sh. Mahabir Prasad Naharia | General Secretary |
| Sh. Surinder Kumar | Cashier |
| Sh. Subhash Jindal | Executive member |
| Sh. Anoop Saggar | Executive member |
| Sh. Rakesh Gupta | Executive member |
| Sh. Rajesh Mittal | Executive member |
| Sh. Subhash Gupta | Executive member |
| Sh. Kamal Bindal | Executive member |
| Sh. Amrish Bansal | Executive member |

**SHRI RAMA CHARITABLE HOSPITAL (SHAHEEDAN) UNIT-1**

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



जागरूकता के लिए, था यह सेमीनार।
ऊंघ रहे थे लोग पर, अपने पैर पसार।
अपने पैर पसार, सिर्फ.वक्ता थे जागे।
आधे वे भी अरे, सुनाकर भाषण भागे।
कह साहिल कविराय, बढ़ा ना बिल्कुल लेवल।
जागरूकता मिली, मगर सपनों में केवल।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 218 | SATURDAY 15-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# वायरिंग की परमिशनें देने वाले अफसरों के कारण एक और हादसा, किचलू नगर के बाद अब सराभा नगर की रोड धंसी, 10 फीट गहरा गड्ढा हुआ

## क्या निगम कमिश्नर और डीसी जिम्मेदार अफसरों और कंपनी पर लेगें एक्शन या नहीं

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। लुधियाना में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कमाई के चक्कर में पूरे शहर की सड़कों की हालत खस्ता हाल कर दी गई है। हालात यह है कि अब सड़कें कहीं भी किसी भी समय धंस जाती है। जिसके चलते डर के कारण लोग सड़कों पर मुश्किल से चल पा रहे हैं। दरअसल, कुछ दिन पहले जहां किचलू नगर की सड़क धंसने से करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया था, अभी वे दिक्कत दूर नहीं हुई कि अब पॉश इलाके सराभा नगर में गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पास सड़क धंस गई। शुक्रवार को हुई मामुली बारिश के बाद सड़क बुरे तरीके से धंस गई। हालांकि उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजरने के चलते बड़ा हादसा होने से बचाव हो गया। लेकिन इस घटना के बाद कहीं न कहीं निगम व प्रशासन के दावे की पोल खुल गई है। वहीं इस घटना में भी मुख्य कारण प्राइवेट कंपनियों द्वारा इंटरनेट व अन्य कामों की अंडर ग्राउंड वायरिंग डालना सामने आया है। हालांकि निगम अधिकारी खुद को फंसते हुए देख कोई बयान देने से बचाव कर रहे हैं। लेकिन मौके पर मौजूद वर्करों द्वारा इस बात से पर्दा उठाया गया है।



सराभा नगर में सड़क धंसने से पड़ा गड्ढा

### वायरिंग डालते समय हुआ नुकसान



सराभा नगर में सड़क रियेपर कर रहे वर्कर अरविंद ने बताया कि सड़क पर कुछ समय पहले वायरिंग डाली गई है। इस दौरान वायरिंग डालने वालों ने अंदर सीवरेज लाइन में सुराख कर दिया। जिससे सीवर के पानी का जमीन में रिसाव होता रहा और फिर सीवेरेज होल के आसपास की हुई दीवार गिर गई। जिससे पानी सड़क के अंदर जाने लगा। इस वजह से धीरे धीरे पूरी सड़क ही धंस गई।

### क्या जिम्मेदार अफसरों पर भी होगी कार्रवाई या कंपनी बनेगी बली का बकरा

वहीं लगातार धंस रही सड़कों के बाद अब सभी की नजरें लुधियाना डीसी और निगम कमिश्नर पर है। क्या उनकी तरफ से वायरिंग डालने की परमिशनें देने वाले जिम्मेदार अफसरों पर एक्शन लिया जाएगा या फिर सिर्फ तारें डालने वाली कंपनी को ही बली का बकरा बनाया जाएगा। चर्चा है कि अधिकारियों द्वारा अपनी कमाई के चक्कर में शहर की हालत खराब की जा रही है। लगातार धंस रही सड़कों के बाद अब जनता प्रशासन से जवाब मांग रही है।

### अफसरों की लापरवाही, जनता पर पड़ रही भारी

चर्चा है कि जब भी निगम द्वारा किसी टेंडर या तारें डालने कार्य शुरू किया जाता है, तो संबंधित अधिकारी को मौके पर खड़े रहना होता है। अधिकारी द्वारा मौके पर देखना होता है कि सारा काम सही से चल रहा है और अगर कहीं कोई गलत हो जाए तो उसे मौके पर दरुस्त करना होता है। वहीं अफसर के पास नक्शा होता है तो वे देखता रहता है कि कहा से सीवर लाइन निकल रही है। लेकिन शहर में होने वाले ज्यादातर कामों में अधिकारी मौके पर मौजूद ही नहीं रहते। इसी वजह से तारें डालने वाले प्राइवेट कंपनियों के वर्करों ने सीवर लाइन को नुकसान पहुंचाया और उसे टेपोरेरी फिक्स कर चलते बने। अगर अफसर मौके पर होते तो ऐसा न होता। उनकी इस लापरवाही का नतीजा अब जनता भुगत रही है।


### एक दिन पहले ही किया था अलर्ट, नहीं जागा प्रशासन

बता दें कि यूटर्न टाइम अखबार की और से एक दिन पहले ही सराभा नगर के गुरु नानक स्कूल के पास सड़क में खड्डा होने और किसी भी समय सड़क धंसने की खबर प्रकाशित कर अलर्ट किया था। इसी तरह कॉलेज रोड पर सड़क कुछ हिस्सा धंसने की भी खबर प्रकाशित की गई। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और अगले ही दिन गहरा गड्ढा हो गया। हालांकि कॉलेज रोड की सड़क की भी हालत ज्यादा ठीक नहीं है। जिसके चलते वहां पर किसी भी समय सड़क धंस सकती है।











# तीन बड़े मुस्लिम सियासी चेहरे इमरान रजा, हाजी अब्दुल सत्तार और मोहम्मद अख्तर आप में शामिल

लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। विधानसभा उतरी में आप सरकार के कार्यकाल में हुए विकास से प्रभावित होकर तीन प्रमुख मुस्लिम नेताओ ने अपनी-अपनी पार्टियां छोडकर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। विधायक मदन लाल बग्गा के प्रयासों से पार्टी में शामिल हुए पंजाब कांग्रेस अल्पसंख्यक डिपार्टमैंट के महासचिव इमरान रजा, सुन्नी मुस्लिम भाईचारा पंजाब के सरप्रस्त हाजी अब्दुल सत्तार व अकाली दल के जिला महासचिव मोहम्मद अख्तर का पार्टी में शामिल होने पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने स्वागत किया। विधायक मदन लाल बग्गा ने उक्त नेताओ के पार्टी में शामिल होने पर कहा कि इमरान रजा, हाजी अब्दुल सत्तार और मोहम्मद अख्तर जैसे जमीनी नेताओं के पार्टी में शामिल से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा, गौरव बग्गा, अशोक कुमार, नीरज आहूजा बूटा, राजू चावला, गौतम गैबी शर्मा उपस्थित रहे।



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

शुभकामनाएं...

15 अगस्त के शुभअवसर पर सभी पाठकों, शुभचिंतको व विज्ञापनदाताओं को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं व बधाई।

15 अगस्त स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अवकाश**

स्वाधीनता दिवस के अवसर पर यूटर्न टाइम कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

– प्रबंध संपादक

VOL: 11 | ISSUE 218 | SATURDAY 15-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

Aristocrat
SINCE 1960
LUDHIANA | JALANDHAR
SUNDAY OPEN
SALE ON SALE
EXTRA HEAVY DISCOUNTS ON ALREADY REDUCED PRICES
NOW LIVE IN ALL STORES
MEN
WOMEN
KIDS WEAR

## 110 ग्राम हेरोइन बरामदगी का मामला अदालत में साबित नहीं

### सीआईए मोहाली के दावे पर उठे सवाल, अदालत ने दो आरोपियों को किया बरी

मोहाली/यूटर्न/14 अगस्त। सीआईए मोहाली की ओर से 110 ग्राम हेरोइन बरामदगी का दावा कर दर्ज किए गए नशा तस्करी के मामले में अभियोजन पक्ष आरोप साबित नहीं कर सका। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गगनदीप सिंह और सतिंदर सिंह उर्फ काला को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने के आदेश दिए हैं। मामले का तीसरा आरोपी लवप्रीत सिंह उर्फ लव निवासी हरियाणा सुनवाई के दौरान भगोड़ा घोषित किया जा चुका है।

### पुलिस ने सड़क पर लिफाफा फेंकने का किया था दावा

मामले में सीआईए मोहाली की ओर से अदालत में पेश चार्जशीट के अनुसार 6 मई 2021 को पुलिस टीम असामाजिक तत्वों की तलाश में मोहाली से बलौंगी पुल की तरफ जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, टीम जब एक पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो गली से पीले रंग का परना बांधे एक युवक सड़क पर आया। पुलिस पार्टी को देखकर वह घबरा गया और वापस गली की तरफ भागने लगा। चार्जशीट के अनुसार भागते समय युवक ने अपनी जेब से एक प्लास्टिक का लिफाफा निकालकर सड़क पर फेंक दिया। पुलिस ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम लवप्रीत सिंह उर्फ लव निवासी माखू-माजरा, जिला करनाल, हरियाणा बताया।

### लिफाफे में हेरोइन मिलने का दावा

पुलिस के अनुसार सड़क पर फेंके गए लिफाफे को उठाकर जांच की गई तो उसमें हेरोइन बरामद हुई। जांच अधिकारी ने अपने बैग से कंप्यूटराइज्ड कांटा निकालकर पदार्थ का वजन किया, जो लिफाफे समेत 110 ग्राम बताया गया। इसके बाद कंट्रोल रूम को सूचना दी गई और लवप्रीत सिंह के खिलाफ बलौंगी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।






An initiative by **U-TURN TIME MARKETING TEAM: 99882-20063**


INDIA
जन हितैषी
let the tricolor immerse you into
STRENGTH
PEACE
GROWTH
#Happy Independence Day
Rajesh Soni
LAJJYA STEELS LTD.
Rajnish Garg
INVXSSET
Akhil Malhotra
SHIVA TEX FABS LTD.
N.D. Garg
GARG INDUSTRIES LTD
Tony Mahajan
mahajan
GROUP OF INDUSTRIES
Sandeep Jain
LSR FORGE PVT. LTD.
HS Bawa (Minku)
SKY REGIS
Sandeep Gupta
SANGAM STEELS
Naresh Kumar
PAVITER METALS PVT. LTD.
Mohinder Goyal
AFFINITY GROUP
Vipan Mittal
KUDU
Knit Process (P) Ltd
Balwinder Singh Pumpal
AMB REALTORS
SS Khurana
Ansal Estatz
Ansal Wealth
An initiative by U-TURN TIME MARKETING TEAM: 99882-20063

# ईस्टमैन चौक से ग्यासपुरा जाने वाली सूआ रोड की बदहाल स्थिति से उद्योगपति और दुकानदार परेशान



लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। ईस्टमैन चौक से ग्यासपुरा की ओर जाने वाली सूआ रोड को कंक्रीट सड़क में बदलने के लिए शुरू किया गया निर्माण कार्य अधूरा रहने से इलाके के उद्योगपतियों, दुकानदारों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क को निर्माण कार्य के तहत उखाड़ दिया गया था, लेकिन सीवरेज का काम लंबित होने के कारण सड़क निर्माण रोक दिया। जानकारी के अनुसार, सड़क पर पहले सीवरेज लाइन बिछाई जानी है। सीवरेज कार्य में देरी के कारण कई महीने बीत जाने के बावजूद काम शुरू नहीं हो सका है।

बरसात के दौरान सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कत आती है। सड़क की खराब स्थिति का असर सूआ रोड पर स्थित फैक्ट्रियों और दुकानों के कारोबार पर भी पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के उद्योगपतियों और व्यापारियों ने स्थानीय विधायक से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने विधायक से अपील की है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत कर सीवरेज का काम जल्द शुरू करवाया जाए। बैठक में उद्योगपति और दुकानदार जोगिंदर सिंह सिडाना, कुनाल गुप्ता, आशीष गर्ग, दिनेश गर्ग, नीरज गोयल, अमित ग्रोवर, विनोद कुमार, महिंदर पाल सिंह, सुभाष ग्रोवर और ढंडारी इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सतनाम सिंह मक्कड़ मौजूद रहे।

# सफाई करते हुए मशीन में फंसी महिला की चुन्नी, चपेट में आने से हुई मौत



लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। जुगियाना के कंगनवाल रोड स्थित गर्ग एक्रेलिक में शुक्रवार सुबह ड्यूटी के दौरान मशीन की चपेट में आने से महिला कर्मचारी की मौत हो गई। मृतका की पहचान संजू देवी (50) के रूप में हुई है। सफाई के दौरान उनकी चुन्नी अचानक मशीन के चलते हुए हिस्से में फंस गई। चुन्नी खिंचने से महिला का गला दब गया और उसकी मौत हो गई। संजू देवी की मौत की खबर मिलते ही परिजन फैक्ट्री पहुंचे और प्रबंधन पर सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही का आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने गर्ग एक्रेलिक के बाहर धरना शुरू कर दिया। परिजन घटना से सदमे में हैं और अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। वहीं दूसरी तरफ इस हादसे के संबंध में गर्ग एक्रेलिक के मालिक संजीव गर्ग से संपर्क कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कहा कि मैं अभी बाहर हूं और मुझे इस हादसे के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं अभी स्टाफ से पता करवा कर आपको बताता हूं। प्रबंधन के इस रवैये से धरने पर बैठे परिजनों में भारी रोष है। परिवार का कहना है कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिलता, वे फैक्ट्री के बाहर से अपना धरना खत्म नहीं करेंगे।



# ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते: 65 बच्चों को परिवार से मिलाया

## जनवरी से जुलाई तक रेलवे सुरक्षा बल की पहल

-आर. के. उप्पल-

अमृतसर/यू टर्न /14 अगस्त! भारतीय रेलवे के 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत फिरोजपुर मंडल में जनवरी से जुलाई 2026 तक 65 अकेले, भटके अथवा परिजनों से बिछड़े बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाया गया।



**रेलवे स्टेशनों पर विशेष निगरानी...**रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और स्टेशन स्टाफ द्वारा रेलवे स्टेशनों पर ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जाती है। इसके बाद बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाता है।

**यात्रियों से सहयोग की अपील...**फिरोजपुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि स्टेशन पर कोई अकेला या भटका हुआ बच्चा दिखाई देने पर तुरंत RPF या स्टेशन स्टाफ को सूचना दें। यात्री रेलवे हेल्पलाइन 139 पर भी संपर्क कर सकते हैं। समय पर दी गई सूचना किसी बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

# ज्ञानी रघबीर सिंह जी से मिले विधायक धालीवाल, गोलीकांड की कड़ी निंदा

आर. के. उप्पल



अमृतसर/यूटर्न/14 अगस्त। पूर्व मंत्री एवं अजनाला से विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने पूर्व जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह जी के निवास पर पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना।

धालीवाल ने घर के बाहर गोली चलने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार दोषियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

विधायक ने कहा कि ज्ञानी रघबीर सिंह जी और उनका परिवार पूर्ण चढ़दी कला में है, यह देखकर उन्हें संतोष हुआ। उन्होंने ज्ञानी जी को सिख पंथ की महान शख्सियत बताते हुए कहा कि बाढ़ के दौरान अजनाला क्षेत्र के लोगों के लिए उनके सहयोग और सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने ज्ञानी रघबीर सिंह जी के अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु और सदैव चढ़दी कला में रहने की कामना की।


# फिरोजपुर मंडल के सीसीटीसी पीयूष सागर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान



अमृतसर/यूटर्न/14 अगस्त। उत्तर रेलवे द्वारा गत दिवस अगस्त प्रिंसिपल मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जून 2026 के दौरान वाणिज्यिक, खानपान एवं यात्री सेवा गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के प्रिंसिपल मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रवीण पांडे ने वाणिज्यिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उत्तर रेलवे के विभिन्न मंडलों के 7 टिकट चेकिंग स्टाफ को उनके समर्पण, सतर्कता एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर को पकड़ने में निभाई अहम भूमिका

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे फिरोजपुर मंडल बसंत कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल के सीसीटीसी पीयूष सागर को उनकी विशेष सतर्कता एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि पीयूष सागर ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन पर एक फर्जी रेलवे विजिलेंस इंस्पेक्टर को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# माँ बगलामुखी धाम में हुआ सर्व कष्ट निवारण यज्ञ

लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। पक्खोवाल रोड स्थित माँ बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी जी के पावन सानिध्य में सर्व कष्ट निवारण यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। यज्ञ में हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर आहुतियां डालीं और माँ बगलामुखी के चरणों में प्रार्थना की कि माँ सभी के कष्ट दूर कर जीवन में सुख ही सुख भरें। माँ बगलामुखी की महिमा का वर्णन करते हुए महंत प्रवीण चौधरी जी ने कहा कि माँ बगलामुखी अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर



उन्हें शत्रुओं पर विजय दिलाती हैं।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### भारत का स्वतंत्रता दिवस क्या केवल छुट्टी का दिन ?

भारत का स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए केवल एक छुट्टी का दिन नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष, बलिदान और त्याग को याद करने का पवित्र अवसर है। 15 अगस्त हमें उन स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज दुर्भाग्य से अधिकतर लोगों के लिए स्वतंत्रता दिवस केवल झंडारोहण, भाषण और एक दिन की छुट्टी तक सीमित होता जा रहा है। बहुत से लोगों को तो यह सब करने में भी रूचि नहीं होती। नैतिकता और देश के प्रति घटता सम्मान चिंता का विषय बनता जा रहा है। भ्रष्टाचार, स्वार्थ, बेईमानी और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता जैसी समस्याएँ देश की प्रगति में बाधा बन रही हैं। ऐसे समय में केवल सरकारों को दोष देना पर्याप्त नहीं है। हमें सबसे पहले देश के प्रति सम्मान की भावना प्रकट करनी सीखनी होगी, प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझना होगा। देशवासियों के मन में देशभक्ति की भावना दोबारा जागृत करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। यहाँ तक कि स्कूलों में विद्यार्थी भी देश भक्ति के कार्यों में अरूचि दिखाने लगे हैं। विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम और महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से बच्चों को प्रेरणा देनी चाहिए। हमें ईमानदारी, अनुशासन, स्वच्छता और कानून का पालन अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। सच्ची देशभक्ति केवल देश के प्रति भावनाएँ रखने में नहीं सीमित न रहे बल्कि अपने कार्यों से देश को बेहतर बनाने में हो तभी स्वतंत्रता दिवस का वास्तविक महत्व सार्थक होगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### Cinema Hall में बाहर का खाना ले जाना: क्या रोक सकते हैं?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल Cinema Hall या Multiplex में बाहर से खाना और पानी ले जाने को लेकर कई बार विवाद हो जाता है। कई लोगों को Gate पर ही रोक दिया जाता है और कहा जाता है कि खाना या पानी अंदर नहीं ले जा सकते।

लेकिन इस मामले में एक बात समझना जरूरी है—पूरे भारत में एक ही नियम लागू नहीं होता। Cinema Halls से जुड़े नियमों में राज्य के अनुसार अंतर हो सकता है।

Supreme Court ने 2023 में एक मामले में यह भी स्पष्ट किया था कि Cinema Hall के मालिक अपनी संपत्ति के अंदर कुछ नियम बना सकते हैं और दर्शकों को बाहर का खाना न लाने की शर्त माननी पड़ सकती है। Court ने यह भी माना कि Cinema Hall कोई सार्वजनिक भोजनालय नहीं है और दर्शक अपनी मर्जी से वहां खाना ले जाने का पूर्ण अधिकार नहीं जता सकते।

हालांकि, छोटे बच्चों के लिए जरूरी खाना, विशेष Medical जरूरतों से जुड़ी चीजें या अन्य विशेष परिस्थितियां अलग हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में Cinema Management को व्यावहारिक और उचित तरीका अपनाना चाहिए।

एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि Cinema Hall के अंदर उपलब्ध खाने-पीने की चीजों की कीमत अधिक होने को लेकर भी उपभोक्ता अक्सर सवाल उठाते हैं। केवल महंगा होना अपने आप में हर स्थिति में गैरकानूनी नहीं माना जाएगा; इसके लिए लागू नियम और परिस्थितियां देखनी पड़ती हैं।

इसलिए यदि Gate पर बाहर का खाना या पानी रोक दिया जाए, तो मौके पर विवाद करने के बजाय पहले Cinema की Policy और स्थानीय नियमों की जानकारी लेना बेहतर है।

निष्कर्ष: Cinema HÔll में बाहर का खाना या पानी ले जाने का अधिकार हर जगह एक जैसा नहीं है। राज्य के नियम और Cinema Hall की वैध शर्तें महत्वपूर्ण होती हैं। लेकिन बच्चों या Medical जरूरतों के मामलों में विशेष परिस्थितियों को अलग से देखा जाना चाहिए।

# लुधियाना में एक शाम शिव के नाम आयोजित, कैलाश खेर ने गायन किए भजन





लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। लुधियाना के ऐतिहासिक रामलीला मैदान दरेसी में शुक्रवार को एक शाम शिव के नाम महाआयोजन की भव्य शुरूआत हो चुकी है। आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधायकों द्वारा भगवान शिव और श्री गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस महाआयोजन में पार्टी की सीनियर लीडरशिप विशेष रूप से मौजूद है। पूजन संपन्न होने के बाद, जंगम (शिव भक्तों का विशेष दल) की भव्य प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शानदार आगाज हुआ। इसके बाद, गायिका अस्मिता ने मंच संभाला और अपने सुमधुर शिव भजनों से मौजूद श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, इस आयोजन के मुख्य आकर्षण मशहूर गायक कैलाश खेर भी अपने प्रसिद्ध शिव भजनों से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में सराबोर करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में शिवभक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए लुधियाना पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।







# सुखबीर बादल की बाजू की हुई सर्जरी, आरोपी बोला- वाहेगुरु के आदेश पर हमला किया

पंजाब/यूटर्न/14 अगस्त। महाराष्ट्र के नांदेड में गुरुद्वारा माता साहिब में हमले के बाद गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष व पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल लाया गया। सुखबीर बादल के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर बिक्रम सिंह मजीठिया समेत अकाली नेता उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद मजीठिया खुद कार चलाकर सुखबीर बादल को मेदांता अस्पताल लेकर गए। यहां चार डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य की जांच कर रही है। उन्हें दोपहर को ही सर्जरी के बाद नांदेड़ अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था। सुखबीर के हाथ पर कृपाण से करीब 5 सेंटीमीटर का कट लगा था। डॉक्टरों ने उन्हें 8 से 9 टांके लगाए।





आरोपी निहंग जसपाल सिंह

## वाहेगुरु के आदेश पर किया हमला

वहीं आरोपी निहंग जसपाल सिंह ने पुलिस पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। उसने कहा कि उसे सुखबीर बादल पर हमला करने का आदेश वाहेगुरु से मिला था। जब वह गुरुद्वारे में प्रार्थना कर रहा था, तभी उसके मन में सुखबीर बादल पर हमला करने का विचार आया। पूछताछ में आरोपी निहंग जसपाल सिंह ने दावा किया कि उसने यह हमला अचानक किया और इसके पीछे किसी बाहरी व्यक्ति की मदद नहीं थी।

# दो दिवसीय गेमवर्स 2026 का भव्य आयोजन संपन्न



लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। पंजाब एवीजीसी-एक्सआर एसोसिएशन के सहयोग से भारत के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान मैक द्वारा आयोजित दो दिवसीय गेमवर्स 2026 का कार्निवल कॉम्प्लेक्स में भव्य समापन हुआ। पंजाब के पहले और सबसे बड़े गेमिंग, गेम आर्ट एवं एवीजीसी-एक्सआर उत्सवों में शामिल इस आयोजन को विद्यार्थियों, गेमर्स, डिजिटल कलाकारों, शिक्षकों, उद्योग विशेषज्ञों और टेक्नोलॉजी प्रेमियों की शानदार प्रतिक्रिया मिली। कार्यक्रम में पंजाब चाइल्ड राइट्स कमीशन की वाइस चेयरपर्सन रुचि कौर बावा, एडवोकेट गौरव बग्गा खुराना, फिक्की फ्लो चेयरपर्सन ऐश्नी सेठी, भाजपा नेत्री राशि अग्रवाल, लवीना मित्तल, गीता सभरवाल, इंफ्लूएंसर जोंमडी, रवलीन और प्रियांशु सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। गेमवर्स 2026 में 300 से अधिक गेम आर्ट एंट्रीज प्रदर्शित की गईं। वहीं 12 से अधिक वर्कशॉप और विशेषज्ञ सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को गेमिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एवीजीसी-एक्सआर इंडस्ट्री में उभरते अवसरों, तकनीकों और करियर विकल्पों की जानकारी दी। गौरव बग्गा खुराना ने कहा कि गेमिंग और एवीजीसी-एक्सआर तेजी से उभरते क्षेत्र हैं और युवाओं के लिए इनमें रोजगार व उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। इस दौरान डायरेक्टर रिया अरोड़ा और रोहित अरोड़ा मौजूद थे।

# श्री शिव पुराण कथा के छठे दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, ब्राह्मण सेवा का बताया महत्व



लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। सिविल लाइंस स्थित श्री दंडी स्वामी तपोवन तपोभूमि आश्रम में अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्री शिव पुराण कथा के छठे दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। हरिद्वार से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री हरिकृष्ण जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए भजन गायन कर कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एस.एस. खुराना ने कहा कि श्री शिव पुराण कथा का आयोजन श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से जोड़ने और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कथा के उपरांत तपोस्थली मंदिर के पं. संतोष त्रिपाठी, पं. महानंद शर्मा, पं. दिनेश चंद्र, पं. संदीप एवं पं. यतेन्द्र ने विधिवत आरती करवाई। इस मौके पूर्व पार्षद राजू थापर, चन्नी गिल्ल और भाजपा नेता डिंपी मक्कड़ उपस्थित थे।

# टायर फटने से बेकाबू कार खंभे से टकरा कर तलाब में गिरी, दो दोस्तों की मौत

खन्ना/यूटर्न/14 अगस्त। फतेहगढ़ साहिब में ज्योति स्वरूप गुरुद्वारा साहिब से चंडीगढ़ रोड पर गांव अत्तेवाली के पास वीरवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। एक पार्टी से लौट रहे दो दोस्तों की कार का टायर फटने के बाद हुए इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सरहिंद के हमायुपुर निवासी माधव कुमार और हरीश कुमार के रूप में हुई है। इस दुखद घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, चार दोस्त दो अलग-अलग कारों में सवार होकर अपने एक दोस्त की बहन के घर गए थे, जहां बेटे के जन्म की खुशी में एक पार्टी थी। सभी दोस्त इस जश्न में शामिल हुए। पार्टी के बाद वे अपने दोस्त को वापस छोड़ने के लिए निकले थे। जिस घर में कुछ घंटों पहले खुशियां थी, वहां इस हादसे के बाद मातम पसर गया।





## पहले बिजली के खंभे से टकराई कार

हादसा उस समय हुआ जब कार गांव अत्तेवाली के नजदीक पहुंची। अचानक कार का एक टायर फट गया, जिससे वाहन चालक का नियंत्रण कार से पूरी तरह छूट गया। बेकाबू हुई कार बेहद तेज रफ्तार में पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराई और फिर उछलकर पास ही बने पानी के एक छप्पड़ में जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार माधव कुमार और हरीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। थाना फतेहगढ़ साहिब के प्रभारी अशोक कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।




# भारत भूषण भारती ने राकेश जैन नारोवाल को सौंपा श्री संघ का कार्यभार



लुधियाना/यूटर्न/14 अगस्त। श्री संघ से जुड़े श्री आत्मानंद जैन सभा से जुड़े पिछले कुछ दिनों से चल रहे विवाद और चचाओं के बीच अब आपसी सहमति से नया घटनाक्रम सामने आया है। सकल संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार भारत भूषण भारती और राकेश जैन नारोवाल के बीच चर्चा के बाद संघ हित एवं सर्वमान्यता को ध्यान में रखते हुए दोनों ने एक-दूसरे को मिच्छामी दुक्कडम दिया।

जारी सूचना में कहा गया है कि भारत भूषण भारती ने स्वेच्छा से श्री संघ का संपूर्ण कार्यभार राकेश जैन नारोवाल को सौंप दिया। भारती ने राकेश जैन को अध्यक्ष पद की बधाई देते हुए संघ सेवा के कार्यों में पूर्ण सहयोग और समर्थन देने की बात भी कही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों सभा को लेकर समाज में काफी चर्चा चल रही थी। चातुर्मास के आयोजन के नाम पर समिति सदस्यों से करीब 20 लाख रुपये मांगे जाने के आरोप भी सामने आए थे, जिन्हें लेकर सवाल उठ रहे थे और नेतृत्व परिवर्तन तथा इस्तीफे की चचाएं तेज थीं। इन आरोपों को यहां आरोप के रूप में ही प्रस्तुत किया जा रहा है। अब आपसी सहमति से कार्यभार सौंपे जाने के बाद समाज में विवाद समाप्त होने और सभा के धार्मिक व सामाजिक कार्यों को एकजुटता से आगे बढ़ाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पटियाला चौक पर पीआरटीसी बस और कार में टक्कर, चालकों के बीच हुआ विवाद

## हाथापाई के दौरान सिख व्यक्ति की पगड़ी उतरी, मौके पर जुटी भीड़







जीरकपुर /यूटर्न/14 अगस्त। पटियाला चौक की ट्रैफिक लाइटों पर पीआरटीसी बस और कार के बीच टक्कर के बाद विवाद हो गया। टक्कर को लेकर बस चालक और कार चालक के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। विवाद के दौरान एक सिख व्यक्ति की पगड़ी भी उतर गई, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों में रोष फैल गया। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। व्यस्त पटियाला चौक पर हुए विवाद के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पूरे विवाद की शुरूआत बस और कार के बीच हुई टक्कर से हुई थी।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372